**1.** निम्न में से किस आधार पर आवास का विभाजन किया जाता है?
(1) निवास करने वालों की संख्या के आधार पर
(2) क्रियाकलापों के आधार पर
(3) समय अवधि के आधार पर
(4) उपरोक्त सभी

**2.** निम्न पर विचार कीजिए
A. ग्राम B. पोर्ट ऑफ कॉल
C. नगर D. महानगर
उपरोक्त में से कौन-से वास स्थान में शामिल हैं?
(1) A और B (2) A, B और C
(3) A, C और D (4) ये सभी

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में नगर के निर्धारण के लिए सही मानक नहीं है?
(1) जनसंख्या कम से कम 5000 या इससे अधिक होनी चाहिए।
(2) कुल आबादी का 80% भाग गैर कृषि कार्य में संलग्न होना चाहिए।
(3) कुल आबादी का 75% भाग गैर-कृषि कार्य में संलग्न होना चाहिए।
(4) जनघनत्व 400 व्यक्ति प्रतिवर्ग किमी होना चाहिए।

**4.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए
(A) भारत में राष्ट्रीय राजमार्ग की कुल लम्बाई मात्र 2.4% है।
(B) राष्ट्रीय राजमार्ग का सड़क परिवहन में योगदान लगभग आधे से अधिक है।
उपरोक्त में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(1) केवल A
(2) केवल B
(3) A और B दोनों
(4) न तो A और न ही B

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?
(1) NH-2 - दिल्ली-कोलकाता
(2) NH-4 - थाणे-चेन्नई
(3) NH-5 - चेन्नई-बहरागोड़ा
(4) NH-10 - दिल्ली-इन्दौर

**6.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए
A. राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 15 का विस्तार भारत-पाकिस्तान सीमा के समानान्तर है।
B. राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-7 सबसे लम्बा राजमार्ग है।
उपरोक्त में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(1) केवल A (2) केवल B
(3) A और B दोनों (4) न तो A और न ही B

**7.** भारत में रेल परिवहन के सम्बन्ध में निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है?
(1) भारत में पहली बार रेलवे का संचालन मुम्बई से पुणे के बीच हुआ था।
(2) भारतीय रेलवे का विभाजन 17 जोन में किया गया है।
(3) मेट्रो रेलवे का मुख्यालय कोलकाता में है।
(4) भारत का सबसे बड़ा रेलवे प्लेटफार्म गोरखपुर में है।

**8.** निम्न में से कौन-सा विकल्प कोंकण रेलवे की लम्बाई को बढ़ते क्रम में दर्शाता है?
(1) गोवा-महाराष्ट्र-कर्नाटक
(2) कर्नाटक-गोवा-महाराष्ट्र
(3) महाराष्ट्र-कर्नाटक-गोवा
(4) गोवा-कर्नाटक-महाराष्ट्र

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित है?
(1) राष्ट्रीय जलमार्ग-1 - इलाहाबाद-हल्दिया
(2) राष्ट्रीय जलमार्ग-3 - कोल्लम-कोट्टापुरम
(3) राष्ट्रीय जलमार्ग-5 - तलचर-विशाखापत्तनम
(4) राष्ट्रीय जलमार्ग-6 - भागा-लखीपुर

**10.** निम्नलिखित युग्मों को सुमेलित कीजिए

| | नहर मार्ग | | विस्तार |
|---|---|---|---|
| A. | पनामा नहर | 1. | कैस्पियन सागर-काला सागर |
| B. | कील नहर | 2. | भूमध्यसागर-लाल सागर |
| C. | वोल्गा नहर | 3. | प्रशान्त महासागर-अटलाण्टिक महासागर |
| D. | स्वेज नहर | 4. | उत्तरी सागर-कालासागर |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (2) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (3) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (4) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**11.** अब मीडिया को......के साथ निकटीय सम्बन्धों के कारण स्वतन्त्र नहीं माना जाता।
(1) गैर-सरकारी संस्थाओं (2) नागरिक समाज
(3) सरकारी एजेन्सियों (4) व्यापारिक घरानों

**12.** लोकतन्त्र में संचार माध्यम एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं
(1) देश और संसार के बारे में समाचार देने और उनमें होने वाली घटनाओं पर चर्चा करने में
(2) वस्तुओं का विज्ञापन करने में ताकि लोग अपनी पसन्द की वस्तुओं को खरीद सकें
(3) क्रिकेट के आयोजनों का प्रसारण करना ताकि लोग घर बैठे इसे देख सकें
(4) विभिन्न प्रकार के मनोरंजन की चीजें प्रस्तुत करना

**13.** संचार माध्यम के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा गलत है?
(1) जनसंचार का लोगों तक जानकारी पहुँचाना एक महत्वपूर्ण कार्य है
(2) संचार माध्यम की कार्यप्रणाली में नियमित सरकारी हस्तक्षेप रहता है
(3) विज्ञापनों द्वारा धन कमाया जाता है
(4) जनसंचार द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली तकनीकें बदलती रहती हैं

**14.** समाचार चैनल पर विज्ञापन का मूल्य निर्भर होता है
(1) बड़े व्यापारिक घरानों पर
(2) कम्पनी क्षेत्र पर
(3) चैनल की लोकप्रियता पर
(4) दर्शकों की माँग पर

**15.** विश्व में भारत का सबसे ऊँचा सड़क मार्ग निम्नलिखित में से कौन-सा है?
(1) शिलांग - सिलचर (2) ऊधमपुर - श्रीनगर
(3) ईटानगर - पासीघाट (4) मनाली - लेह

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | (4) | **2.** | (4) | **3.** | (2) | **4.** | (1) | **5.** | (4) |
| **6.** | (3) | **7.** | (1) | **8.** | (4) | **9.** | (3) | **10.** | (2) |
| **11.** | (4) | **12.** | (1) | **13.** | (2) | **14.** | (3) | **15.** | (4) |

EduBull.com